(127) 6287/JJM-AMRO/306 Dt 08/12/25

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 एवं फेज–3 (जनपद अमरोहा) के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 04–12–2025 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

दिनांक 04.12.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जनपद अमरोहा में जल जीवन मिशन फेज–2 एवं 3 के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा में उपस्थिति निम्नानुसार रही–

- श्री अश्वनी कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी, अमरोहा।
- इं0 चन्द्रहास, अधिशासी अभियन्ता ख0का0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अमरोहा।
- श्री नरेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता, ख0का0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अमरोहा।
- श्री शहरोज आरिफ, सहायक अभियन्ता (SWSM), ख0का0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अमरोहा।
- श्री सर्वेश राय, फर्म प्रतिनिधि मै0 पी0एन0सी0–जेवी, मुरादाबाद।
- श्री सत्येन्द्र यादव, पी0एम0 मै0 ओ.एम.आई.एल.–जे.डब्लू.आई.एल.(जे0वी0) नई दिल्ली।
- श्री फैजान, डी0पी0एम0 मै0 एल0सी0 इन्फ्रा।
- श्री रवि एमआईएस, डी.पी.एम.यू0 अमरोहा।
- श्री मनोज धाकड़, डी0पी0एम0, टी.पी.आई अमरोहा।

समीक्षा में स्थिति निम्नानुसार पाई गई–

1– जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 2:–

**मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल–जेवी, मुरादाबाद।**

- फर्म को आवंटित 312 नग राजस्व ग्राम, 187 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं व SLSSC द्वारा स्वीकृत हो गयी हैं तथा 187 नग के सापेक्ष 187 नग (312 राजस्व ग्राम) डी0पी0आर0 के कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा 184 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराते हुए 184 नलकूप बोरिंग पूर्ण कर लिए हैं, जिसमें 184 नग नलकूप Air compressor & OP Unit के माध्यम से Develop कर लिए गए हैं।
- कुल लक्षित 1326.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष गत बैठक दिनांक 17.11.2025 तक 1307.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए थे। दिनांक 04.12.2025 तक 1307.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली पूर्ण की गयी है। लगभग 17 दिवस में कोई वितरण प्रणाली का कार्य नहीं किया गया है, जोकि अत्यन्त खेदजनक है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया है कि टाइमलाइन बनाते हुए समस्त पाइप लाइन बिछाने का कार्य 20 जनवरी 2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- गत बैठक तक 90504 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 86872 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य किए गए थे। वर्तमान में 87102 गृह जल संयोजन किये गये हैं। लगभग 17 दिवस में 230 नग गृह जल संयोजन किये गये हैं (लगभग 14 नग प्रतिदिन), जो अत्यन्त कम हैं। अवशेष गृह संयोजन को अभियान चलाकर 20 जनवरी, 2026 तक पूर्ण कराया जाए।
- गत बैठक तक 187 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 86 नग OHT के कार्य पूर्ण थे, वर्तमान में 86 नग OHT Complete व 96 नग पर कार्य प्रगति पर है। इस प्रकार 17 दिवस में कोई OHT पूर्ण नहीं किया गया है। 75 प्रतिशत से 99 प्रतिशत पूर्ण 21 नग ओ.एच.टी. में से कोई ओ0एच0टी0 पूर्ण नही किये गये, जोकि अत्यन्त खेद जनक है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि 20 जनवरी 2026 तक 75 प्रतिशत से 99 प्रतिशत तक 21 नग ओ.एच.टी. में से 50 प्रतिशत का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।
- गत बैठक तक 181 नग पम्प हाउस पूर्ण थे, 02 नग पम्प हाउस पर कार्य प्रगति पर था। वर्तमान में 181 पम्प हाउस पूर्ण व 02 पम्प हाउस पर कार्य प्रगति पर है। लगभग 17 दिवस में फर्म द्वारा कोई पम्प हाउस का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। दिनांक 20 जनवरी 2026 तक अवशेष पम्प हाउस के सभी कार्य पूर्ण करने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया।

Scanned with CamScanner

- गत बैठक दिनांक 17.11.2025 तक 103 के सापेक्ष 90 सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया था। वर्तमान तक 90 सोलर पैनल का कार्य पूर्ण है। फर्म को गत बैठक में समस्त कार्य माह जनवरी 2026 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया था। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि सोलर पैनल के कार्यों में प्रगति बढाते हुए सोलर पेनल के समस्त कार्य 20 जनवरी 2026 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**2– जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 2:–**

**मै0 एल0सी0 इन्फा**

- फर्म को आवंटित 05 नग राजस्व ग्राम, 05 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं व SLSSC द्वारा स्वीकृत हो गयी हैं। सभी योजनाओं हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध व कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- गत बैठक में फर्म द्वारा सभी 05 नलकूप का कार्य पूर्ण किया था।
- 31.00 कि0मी0 के सापेक्ष 28.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।
- 1990 नग के सापेक्ष 1465 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य किए गए हैं।
- 05 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 04 पर कार्य प्रगति पर हैं।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के प्रतिनिधि श्री फैजान फारूकी को निर्देशित किया गया कि प्रगति संतोषजनक नहीं है एवं टाईम लाइन के विपरीत है। 04 पेयजल योजना के समस्त कार्य पूर्ण करते हुये अपनी चार पेयजल योजनाओं में नियमित रूप से पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
- जिन योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण हो गये हैं, उनमें ऑटोमेशन–इन्टीग्रेशन कराना सुनिश्चित करें।

**3– जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 3:–**

**<u>मै0 ओ.एम.आई.एल.–जे.डब्लू.आई.एल.(जे0वी0) न्यू देहली :–</u>**

- फर्म को आवंटित 567 नग राजस्व ग्राम, 303 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं एवं स्वीकृत हो गयी हैं तथा सभी योजनाओं हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध व कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा 303 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराते हुए 305 नलकूप के सापेक्ष 303 नलकूप बोरिंग पूर्ण कर लिए हैं, जिसमें 303 नग नलकूप Air compressor & OP Unit के माध्यम से Develop कर लिए गए हैं।
- कुल लक्षित 2486.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष गत बैठक तक 2451.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए थे। दिनांक 04.12.2025 तक 2452.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य किये गये हैं। 17 दिवस में वितरण प्रणाली का 01 कि0मी0 कार्य किया गया है, जो अत्यन्त खेदजनक है। टाइमलाइन बनाते हुए समस्त पाइप लाइन बिछाने का कार्य 20 जनवरी 2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- गत बैठक तक 153004 नग गृह संयोजन के कार्य किए गए थे। वर्तमान में 154414 गृह जल संयोजन किये गये हैं। लगभग 17 दिवस में कोई गृह जल संयोजन का कार्य नही किये गये हैं फर्म को निर्देशित किया गया कि अवशेष गृह संयोजन को अभियान चलाकर 20 जनवरी, 2026 तक पूर्ण कराया जाए।
- गत बैठक तक 176 नग OHT के कार्य प्रगति पर एवं 121 नग अवर जलाशय पूर्ण थे। वर्तमान में 176 OHT पर कार्य प्रगति पर है, 121 नग OHT का कार्य पूर्ण किया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं पर 75 प्रतिशत से 99 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गये है, उन योजनाओं को 20 जनवरी, 2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

Scanned with CamScanner

- गत बैठक तक 267 के सापेक्ष 233 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण था, वर्तमान में 233 पूर्ण हैं व 02 पर कार्य प्रगति पर है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि माह जनवरी 2026 तक अपनी सभी सोलर आधारित पेयजल योजनाओं में सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**सभी फर्मों एवं (TPI) & (DPMU) हेतु Common दिशा–निर्देश:–**

- सभी फर्मों एवं अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अमरोहा को निर्देश दिये गये कि प्रत्येक योजना की प्रगति माननीय जनप्रतिनिधियों (मा0 सांसद, मा0 विधायक, मा0 ब्लॉक प्रमुख) को उपलब्ध करायें एवं जो योजनाएं शत–प्रतिशत पूर्ण हैं, उनका निरीक्षण सम्बन्धित क्षेत्र के माननीय जनप्रतिनिधयों से कराना सुनिश्चित करें।
- सभी फर्मों एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि जिन पेयजल योजना के कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण हो गये हैं एवं सडक पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण हो गया है, उन पेयजल योजनाओं की जाँच हेतु अधोहस्ताक्षरी के माध्यम से टीम गठित कराकर जांच कराना सुनिश्चित करें।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि जनपद अमरोहा के किसी एक ग्राम को हैण्डपम्प एवं समरसिबिल मुक्त करने हेतु अभियान चलाकर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
- सभी फर्मों को निर्देशित किया गया कि नगर पालिका परिषद अमरोहा में सम्मिलित ग्रामों में पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी सड़को एवं अवर जलाशय, कैम्पस डेवलपमेन्ट आदि कार्यो को शीघ्र पूर्ण कर सम्बन्धित नगर पालिका को हस्तांतरित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही निर्देश दिये जाते हैं कि फेज–2 व फेज–3 की एक–एक योजना का निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी, मुख्य विकास अधिकारी, अमरोहा एवं अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद अमरोहा को 21 जनवरी, 2026 तक कराना सुनिश्चित करें।
- सभी फर्मों एवं अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अमरोहा को निर्देश दिये गये कि जनपद के सभी आगंनवाड़ी केन्द्रो, प्राथमिक विद्यालयों, शौचालयो एवं सभी सरकारी संस्थानों पर गृह जल संयोजन/स्टेण्ड पोस्ट देते हुए प्रगति की ग्रामवार सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
- सभी फर्मों को निर्देशित किया गया कि सभी सार्वजनिक स्थलों पर कराये गये गृह जल संयोजन / स्टेण्ड पोस्ट की सूची उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया एवं जिन सार्वजनिक स्थानों पर गृह जल संयोजन नहीं है उन पर शीघ्र गृह जल संयोजन कराने हेतु निर्देशित किया गया।
- डी0पी0एम0यू0 अमरोहा को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक पेयजल योजना पर गठित पानी समिति की सूची उपलब्ध कराते हुए अक्रियाशील पानी समिति को क्रियाशील कराने हेतु निर्देशित किया गया।
- मैसर्स आरवी एसोसिएटस (थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन यूनिट) टी.पी.आई अमरोहा को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद के सभी आगनबाड़ी केन्द्रो, सभी राजकीय भवनो एवं राजकीय संस्थानो में जांच कर सूची उपलब्ध कराये कि कितने राजकीय भवनो में पेयजल उपलब्ध करा दिया गया है एवं कितने राजकीय भवन पेयजल से अवशेष हैं।
- डी0पी0एम0यू0 अमरोहा (मै0 मेधज प्रा0लि0 लखनऊ) को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि विवादित भूमि, ग्रामीणों द्वारा किये जा रहे विवाद को सम्बन्धित SDM से Coordinate कर समाप्त कराना, जल सखी, आई0एस0ए0 द्वारा पानी की गुणवत्ता ग्रामवासियों की उपस्थिति में चैक कराना, जल की गुणवत्ता एवं पानी के लाभों का प्रचार प्रसार तथा पानी के बचाव के बारे में जानकारी देना सुनिश्चित करें।

Scanned with CamScanner

(100)

- अधोस्ताक्षरी द्वारा सभी फर्मों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि अपने से सम्बन्धित सभी कार्य पूर्ण करने तथा अवर जलाशय एवं पम्प हाउस से नियमित क्लोरीनयुक्त पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
- सभी फर्मो के प्रतिनिधियो को निर्देशित किया गया है कि जिन ग्रामो में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, यदि उन ग्रामो में लीकेज होती है तो लीकेज को तुरन्त मरम्मत करायें एवं लीकेज ठीक करने का Minimum & Maximum समय का विवरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(निधि गुप्ता वत्स)
जिलाधिकारी,
अमरोहा

कार्यालय जिलाधिकारी अमरोहा

पत्रांकः— 6287 / JJM-AMRO / 306 दिनांक 08/12/25

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2— प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3— आयुक्त महोदय, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद।
4— अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
5— मुख्य विकास अधिकारी, अमरोहा।
6— अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय (सिविल एवं वि0/या0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) अमरोहा/मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ कि सम्बन्धित जू0इं0, पी.एम, टी.पी.आई0 अमरोहा एवं डी0सी0 डीपीएमयू0 अमरोहा को गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने हेतु निर्देशित करें।
7— समस्त कार्यदायी ऐजेन्सियां (जल जीवन मिशन से सम्बन्धित) जनपद अमरोहा।
8— समस्त आई0एस0ए0 एजेन्सी, जनपद अमरोहा।

(निधि गुप्ता वत्स)
जिलाधिकारी,
अमरोहा

Scanned with CamScanner